# कार्यालय, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

क्रमांकः डी.एस.डब्ल्यू./2024/4852-4902 दिनांकः 15.10.2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/निदेशक
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

विषय : प्रधानमंत्री–यूएसपी केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के संबंध में जागरूकता फैलाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, रा.वि.वि., जयपुर से प्राप्त पत्र क्रमांकः उच्च शिक्षा/2024/38 दिनांक 31.08.2024 के अनुसार उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री–यूएसपी केंद्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों को देशभर में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन "राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल" (https://scholarships.gov.in) पर आमंत्रित किये गये हैं। इस योजना के बारे में सभी योग्य छात्रों को सूचित करने यथा–छात्रवृत्ति के लिए पात्रता, योजना का लाभ, आवेदन प्रक्रिया और उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपयुक्त कदम उठाए जाएं।

अतः इस योजना के बारे में जागरूकता फैलाकर अधिक से अधिक छात्रों को इसका लाभ पहुंचाते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को अवगत करवाने का श्रम करें।

16/10/24

(प्रो. राम अवतार शर्मा)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

क्रमांक: डी.एस.डब्ल्यू/2024/4903-04

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, रा.वि.वि., जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण